**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**

**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**

**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 74 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023/05-परीक्षा/2022**

लखनऊ : दिनांक : 08 सितम्बर, 2023

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2022, मुख्य सेविका मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2021)/05 के अंतर्गत बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग, उ0प्र0, लखनऊ के नियंत्रणाधीन मुख्य सेविका के विज्ञापित 2693 पदों पर चयन के लिये मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, उपलब्धता की सीमा तक 45857 महिला अभ्यर्थियों की सूची/ परिणाम को आवश्यक सूचना संख्या-69/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023/05-परीक्षा/2022, दिनांक 16-08-2023 द्वारा प्रकाशित किया गया था।

उपर्युक्त के अतिरिक्त मा0 आयोग द्वारा आयोग की उक्त आवश्यक सूचना दिनांक 16-08-2023 के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत 939 अभ्यर्थियों की सूची में सम्मिलित 04 अभ्यर्थियों को, जो आयोग कार्यालय में अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हुईं, के अभिलेखों एवं प्रमाण पत्रों के परीक्षणोपरान्त, आयोग की आवश्यक सूचना संख्या-73/07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023/05-परीक्षा/2022, दिनांक 06-09-2023 द्वारा मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग करने की अनुमति प्रदान की गयी है।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200 रू0 तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 80 रू० ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

**महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा।**

08/09/2023

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।